भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : **2048**
दिनांक 4 जुलाई , 2019 / 13 आषाढ़, 1941 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

**नए विमानपत्तन**

**2048. एडवोकेट अदूर प्रकाश:**

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का नये विमानपत्तनों के निर्माण हेतु कोई प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) नये विमानपत्तन के लिए प्राप्त प्रस्ताव का विवरण क्या है और ऐसे प्रस्ताव की वर्तमान स्थिति क्या है; और

(ग) क्या केरल ने सबरीमाला में प्रस्तावित विमानपत्तन हेतु मंजूरी मांगी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) (श्री हरदीप सिंह पुरी )**

(क) और (ख): जी हां। भारत सरकार, नागर विमानन मंत्रालय ने देश भर के ग्रीनफील्ड हवाईअड्डों के विकास के लिए एक ग्रीनफील्ड हवाईअड्डा नीति निरूपित की है। नीति के अनुसार, भारत सरकार ने देशभर में 21 ग्रीनफील्ड हवाईअड्डों के निर्माण के लिए 'सैद्धांतिक' अनुमोदन प्रदान किया है, जिनके नाम हैं गोवा में मोपा, महाराष्ट्र में नवी मुंबई, सिंधुदुर्ग और शिरडी, कर्नाटक में बीजापुर, गुलबर्गा, हासन और शिमोगा, केरल में कन्नूर, पश्चिम बंगाल में दुर्गापुर, ग्वालियर में दतिया, सिक्किम में पाक्योंग, उत्तर प्रदेश में कुशीनगर और नोएडा (जेवर), गुजरात में धोलेरा और हीरासर, पुडुचेरी में कराईकल, आंध्र प्रदेश में दगादर्थी, भोगपुरम और ओरवाकल, और अरुणाचल प्रदेश में होलोंगी, ईटानगर। शिरडी, कन्नूर, दुर्गापुर और पाक्योंग नामक चार ग्रीनफील्ड हवाईअड्डों का प्रचालनीकरण किया जा चुका है।

इसके अतिरिक्त, भारत सरकार ने देश भर में 6 ग्रीनफील्ड हवाईअड्डों, नामत: लुधियाना में माछीवाड़ा, झारखंड में जमशेदपुर, राजस्थान में अलवर (भिवाड़ी), तेलंगाना में कोठागुडेम, जिला खम्माम, मध्य प्रदेश में सिंगरौली और पुणे में पुरंदर के निर्माण के लिए 'साइट क्लियरेंस' प्रदान किया है।

इसके अतिरिक्त, नागर विमानन मंत्रालय ने, 4500 करोड़ रुपए की बजटीय सहायता के जरिए राज्य सरकारों, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, सिविल एन्कलेवों और सीपीएसयू'ज के असेवित और अल्पसेवित हवाईअड्डों/हवाई पट्टियों, हेलीपेडों के पुनरुत्थान के द्वारा क्षेत्रीय सम्कर्पता को बढ़ावा देने के लिए, वर्ष 2016 में क्षेत्रीय सम्पर्कता योजना (आरसीएस) - उड़े देश का आम नागरिक (उड़ान) योजना आरंभ की है। आज की तारीख तक आरसीएस - उड़ान योजना के अंतर्गत 39 हवाईअड्डों (असेवित/अल्पसेवित) का प्रचालनीकरण किया जा चुका है।

(ग): जी नहीं। सरकार को केरल राज्य सरकार की ओर से साबरीमाला में नए ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे के निर्माण के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

*****